# भीलवाड़ा फोकस

भीलवाड़ा की बात, फोकस के साथ.....

(1)

RNI No. : RJHIN/25/A0890

वर्ष - 01 | अंक - 310 | बिजौलिया - बुधवार, 20 मई ,2026 | मूल्य - 1 रुपया | मो.- 86967 95959 | पृष्ठ - 4 | WWW.BHILWARAFOCUS.COM


## रोडवेज यात्रियों को बड़ी सौगात, 144 ब्लू लाइन और 30 एसी स्लीपर बसें जल्द

**भीलवाड़ा फोकस @ जयपुर।**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मंशा एवं मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा की ईंधन खपत कम करने तथा पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देने की पहल के तहत राज्य सरकार सार्वजनिक परिवहन व्यवस्था को आधुनिक और पर्यावरण अनुकूल बनाने की दिशा में लगातार कार्य कर रही है। इसी क्रम में पीएम ई-बस योजना एवं राज्य स्तरीय योजनाओं के तहत अगस्त 2026 तक प्रदेश में सार्वजनिक परिवहन के लिए 500 ई-बसें उपलब्ध करवाई जाएंगी।

इन बसों के संचालन के लिए प्रदेश में 9 अत्याधुनिक ई-बस डिपो का निर्माण भी किया जा रहा है। इसके साथ ही राजस्थान राज्य पथ परिवहन निगम के बेड़े में भी विस्तार किया जा रहा है। अगस्त माह तक रोडवेज को 144 ब्लू-लाइन बसें एवं 30 एसी स्लीपर बसें मिल जाएंगी। इससे लंबी



दूरी की यात्रा करने वाले यात्रियों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध होंगी तथा रोडवेज सेवाएं और मजबूत होंगी। मुख्य सचिव वी. श्रीनिवास की अध्यक्षता में शासन सचिवालय में आयोजित बैठक में ई-परिवहन सेवाओं के विस्तार एवं प्रगति की समीक्षा की गई। बैठक में स्वायत्त शासन विभाग, परिवहन विभाग, जयपुर सिटी ट्रांसपोर्ट सर्विसेज लिमिटेड तथा राजस्थान राज्य पथ परिवहन निगम के अधिकारियों के साथ ई-बसों एवं नई बसों की खरीद की प्रगति पर चर्चा हुई। मुख्य सचिव ने कहा कि मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा प्रदेश के शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में बेहतर, सुरक्षित और सुविधाजनक सार्वजनिक परिवहन व्यवस्था विकसित करने के लिए संवेदनशील हैं। बढ़ते शहरीकरण एवं यातायात दबाव को देखते हुए ई-बसों के संचालन का निर्णय लिया गया है, जिससे प्रदूषण में कमी आने के साथ आमजन को बेहतर यातायात सुविधाएं मिलेंगी।

**बाड़मेर में सफाई व्यवस्था की समीक्षा**

बैठक में 'राज-उन्नति' समीक्षा बैठक के दौरान बाड़मेर शहर के सीमावर्ती क्षेत्रों की सघन आबादी वाली कॉलोनियों में सफाई व्यवस्था को लेकर दिए गए निर्देशों की प्रगति की भी समीक्षा की गई। जिला कलक्टर चिनमयी गोपाल ने बताया कि नगर परिषद बाड़मेर, नगर विकास न्यास एवं संबंधित ग्राम पंचायतों के बीच क्षेत्राधिकार एवं सीमा निर्धारण कर सफाई व्यवस्था सुनिश्चित करने के आदेश जारी कर दिए गए हैं।

बैठक में परिवहन विभाग के प्रमुख शासन सचिव भवानी सिंह देथा, स्वायत्त शासन विभाग के शासन सचिव रवि जैन, राजस्थान राज्य पथ परिवहन निगम एवं जयपुर सिटी ट्रांसपोर्ट सर्विसेज लिमिटेड के प्रबंध निदेशक पुरुषोत्तम शर्मा सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

## अशोक गहलोत बोले- चुनाव खत्म होते ही बढ़ी पेट्रोल-डीजल की किल्लत

**ईंधन संकट पर कहा- अभी नहीं संभले तो हालात होंगे गंभीर**



**भीलवाड़ा फोकस @ जयपुर।**

राजस्थान के पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने पेट्रोल-डीजल की बढ़ती कीमतों और संभावित ईंधन संकट को लेकर केन्द्र सरकार पर निशाना साधा है। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट कर कहा कि कांग्रेस नेता राहुल गांधी पिछले तीन महीनों से केन्द्र सरकार को महंगाई और ईंधन संकट को लेकर आगाह कर रहे थे, लेकिन भाजपा चुनावों में व्यस्त रही और आम जनता की समस्याओं पर ध्यान नहीं दिया।

गहलोत ने आरोप लगाया कि चुनाव के दौरान सरकार लगातार यह संदेश देती रही कि सब कुछ सामान्य है, जबकि अब चुनाव समाप्त होते ही पेट्रोल-डीजल की किल्लत और कीमतों में बढ़ोतरी सामने आने लगी है। उन्होंने कहा कि ईंधन महंगा होने का सीधा असर आमजन की रोजमर्रा की जरूरतों पर पड़ रहा है।पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि पेट्रोल-डीजल की कीमतों में वृद्धि से सब्जी, फल, दूध सहित अन्य आवश्यक वस्तुओं के दाम भी बढ़ने लगे हैं, जिससे आम आदमी पर महंगाई का अतिरिक्त बोझ पड़ रहा है। उन्होंने केन्द्र और राज्य सरकारों पर स्थिति को नियंत्रित करने के बजाय जनता को भ्रमित करने का आरोप लगाया।

गहलोत ने सरकार से मांग की कि वह हालात को नियंत्रित करने के लिए तत्काल प्रभावी कदम उठाए और देशवासियों के सामने वास्तविक स्थिति स्पष्ट करे। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि समय रहते कदम नहीं उठाए गए तो आने वाले समय में स्थिति और गंभीर हो सकती है।

## विधायक अशोक चांदना पर EO को धमकाने का मामला दर्ज, एससी-एसटी एक्ट में केस

**भीलवाड़ा फोकस @ बूंदी ।**

जिले के हिंडौली थाने में कांग्रेस विधायक अशोक चांदना के खिलाफ अधिशासी अधिकारी (EO) को धमकाने के आरोप में मामला दर्ज किया गया है। हिंडौली नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी जितेंद्र कुमार मीणा की शिकायत पर दर्ज इस मामले में एससी-एसटी एक्ट सहित विभिन्न धाराओं में केस दर्ज किया गया है। मामले की जांच क्राइम ब्रांच जयपुर को सौंपी गई है।

हिंडौली सीओ अजीत मेघवंशी ने बताया कि श्रह जितेंद्र कुमार मीणा ने सोमवार शाम थाने में रिपोर्ट दर्ज करवाई। शिकायत में उन्होंने बताया कि वे 15 जनवरी 2025 से हिंडौली नगर पालिका में कार्यरत हैं।

रिपोर्ट के अनुसार 13 अप्रैल 2026 को दोपहर करीब 2:35 बजे विधायक अशोक चांदना के पीए रामधन के मोबाइल नंबर से लगातार कॉल आए। कॉल रिसीव नहीं करने पर मैसेज भेजकर विधायक से बात करने को कहा गया।

EO का आरोप है कि फोन उठाने पर विधायक ने कहा, 'सुनो, मेरे कार्यकर्ता का अब एक भी पत्थर गिरा तो आपकी जड़ें खोद दूंगा। यह याद रखना, आप तड़पोगे और आप इसके पैर पकड़ोगे, तब माफ करूंगा।' शिकायत में यह भी कहा गया कि सरकारी जमीन पर



अतिक्रमण एवं पट्टों से जुड़ी उच्च स्तरीय शिकायत के जवाब को लेकर बातचीत के दौरान विधायक ने कथित तौर पर कहा, 'इनकी दीवार गिरी तो एक दिन आपके ऊपर ही गिरेगी। मैं छोड़ूंगा नहीं, जो मेरे कांग्रेस कार्यकर्ता को परेशान करेगा। इस राज में मैं उसको दौड़ा-दौड़ा कर मारूंगा।' बताया जा रहा है कि मामला ओमप्रकाश सुवालका पुत्र सत्यनारायण सुवालका द्वारा खसरा संख्या 6326/2867 पर बने पट्टों एवं अतिक्रमण की जांच से जुड़ा हुआ है। श्रह ने शिकायत में यह भी उल्लेख किया कि ओमप्रकाश सुवालका पूर्व में भी कार्यालय पहुंचकर उन्हें धमका चुका है। घटना 13 अप्रैल 2026 की बताई जा रही है, जबकि 16 मई को इसका वीडियो सामने आने के बाद मामला चर्चा में आया। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## भीलवाड़ा एएनटीएफ की बड़ी कार्यवाही

## 6 साल से फरार इनामी तस्कर मोहनराम साथी सहित गिरफ्तार, 2 पिस्टल ,7 कारतूस ,2 मैगजीन और 14 लाख नकद बरामद



**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।**

**पुनित चपलोत**

एएनटीएफ (एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स) ने मांडल थाना क्षेत्र में बड़ी कार्रवाई करते हुए चित्तौड़गढ़ पुलिस द्वारा घोषित 25 हजार रुपये के इनामी तस्कर मोहनराम जाट को उसके साथी महेंद्र विश्नोई के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से 2 अवैध पिस्टल, 7 जिंदा कारतूस, 2 मैगजीन, 14 लाख रुपये नकद और एक क्रेटा कार जब्त की है।

पुलिस ने इस कार्रवाई को 'ऑपरेशन मदभावन' नाम दिया। एएनटीएफ टीम को सूचना मिली थी कि नागौर का कुख्यात तस्कर मोहनराम आसींद से भीलवाड़ा की ओर आने वाला है। इस पर टीम ने सादा वेश में एनएच-158 पर धुंवाला बस स्टैंड के पास नाकाबंदी की।

टायर बर्स्टर बना पुलिस का नया हथियार नाकाबंदी के दौरान काले रंग की क्रेटा कार आती दिखाई दी। पुलिस ने कार रुकवाने का प्रयास किया, लेकिन आरोपियों को टीम पर शक हो गया और उन्होंने वाहन तेज गति से भगा दिया।

इस पर एएनटीएफ टीम ने तुरंत सड़क पर 'स्टॉप स्टिक' यानी टायर बर्स्टर डाल दिया, जिससे कार के टायर फट गए। वाहन रुकते ही पुलिस टीम ने चीते जैसी फुर्ती दिखाते हुए मोहनराम और महेंद्र को धर-दबोचा।

**हथियार निकालने तक का मौका नहीं मिला**

पुलिस के अनुसार मोहनराम और महेंद्र अपने पास अवैध पिस्टल लेकर चल रहे थे और पुलिस पर हमला करने की फिराक में थे, लेकिन टीम की त्वरित कार्रवाई के चलते दोनों को हथियार निकालने तक का मौका नहीं मिला। तलाशी में दोनों के कब्जे से 2 अवैध पिस्टल, 7 कारतूस और 2 मैगजीन बरामद हुई।

**6 साल से फरार चल रहा था मोहनराम**

गिरफ्तार आरोपी मोहनराम पुत्र रामेश्वर लाल जाट (33) निवासी भादवासी, थाना डेगाना, जिला नागौर का रहने वाला है। पुलिस के अनुसार वह करीब 6 साल पहले चित्तौड़गढ़ जिले के राशमी थाना क्षेत्र में कार्रवाई के बाद फरार हो गया था। इसके बाद उसने राजस्थान, गुजरात और मध्यप्रदेश में मादक पदार्थों की सप्लाई का बड़ा नेटवर्क खड़ा कर लिया।

वहीं उसका साथी महेंद्र पुत्र मंगलाराम विश्नोई (25) निवासी धमाणा का गालिया, थाना सांचौर, जिला जालौर भी तस्करी में उसकी मदद करता था।

**पुलिस कर रही नेटवर्क की जांच**

पुलिस अब दोनों आरोपियों से पूछताछ कर मादक पदार्थ तस्करी के नेटवर्क, सप्लायरों और अन्य साथियों के बारे में जानकारी जुटा रही है।

## एमबीएस हॉस्पिटल पार्किंग से दिनदहाड़े कार की बैटरी चोरी, CCTV में कैद हुए बदमाश

**भीलवाड़ा फोकस @ कोटा**

गर्वित । एमबीएस हॉस्पिटल की पार्किंग में दिनदहाड़े कार से बैटरी चोरी होने का मामला सामने आया है। बदमाशों ने महज 20 से 25 सेकेंड में वारदात को अंजाम दिया और मौके से फरार हो गए। पूरी घटना पार्किंग में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है। मामले की शिकायत नयापुरा थाना पुलिस को दी गई है।

जानकारी के अनुसार एकीकृत निविदा कर्मचारी संघर्ष समिति के अध्यक्ष देवाशीष सेन एमबीएस हॉस्पिटल में ठेका श्रमिक के रूप में कार्यरत हैं। उन्होंने बताया कि मंगलवार सुबह 8 बजे वे ड्यूटी पर पहुंचे और अपनी कार अस्पताल की नई बिल्डिंग की पार्किंग में खड़ी की थी। दोपहर करीब 1 बजे लंच के दौरान कार स्टार्ट हो रही थी, लेकिन ड्यूटी समाप्त होने के बाद दोपहर 3 बजे जब वे वापस पार्किंग पहुंचे तो कार स्टार्ट नहीं हुई। काफी देर तक जांच करने के बाद उन्होंने कार का बोनट खोलकर देखा



तो बैटरी गायब मिली। इसके बाद पार्किंग में लगे सीसीटीवी फुटेज खंगाले गए। फुटेज में एक बाइक पर सवार दो बदमाश नजर आए। दोनों पहले पार्किंग में रेकी करते दिखाई दिए। इसके बाद एक बदमाश बाइक स्टार्ट कर खड़ा रहा, जबकि दूसरा बदमाश कार का बोनट खोलकर कुछ ही सेकेंड में बैटरी निकालकर ले गया।

वारदात के बाद दोनों आरोपी बाइक पर सवार होकर फरार हो गए। पीड़ित ने नयापुरा थाने में शिकायत दर्ज कराई है। पुलिस सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आरोपियों की तलाश में जुटी हुई है।

## चामुंडा माता मंदिर चोरी मामले में दो और आरोपी गिरफ्तार, सोने-चांदी के जेवर बरामद

**भीलवाड़ा फोकस @भीलवाड़ा।**

हमीरगढ़ थाना पुलिस ने करीब 15 माह पूर्व चामुंडा माता मंदिर में हुई चोरी की वारदात का खुलासा करते हुए दो और आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से करीब 16 तोला सोने के जेवरात एवं लगभग एक किलो चांदी का छत्र बरामद किया है।

पुलिस ने थाना प्रभारी सुनील कुमार बेड़ा के नेतृत्व में विशेष टीम गठित कर कार्रवाई को अंजाम दिया ।

पुलिस ने बताया की 11 फरवरी को चामुंडा माता मंदिर के पुजारी पुरण माली ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि अज्ञात बदमाश मंदिर का ताला तोड़कर करीब 550 ग्राम सोने के जेवरात, 5 किलो 150 ग्राम चांदी के आभूषण एवं दानपात्र चोरी कर ले गए।

जांच के दौरान पुलिस को पता चला कि आरोपी दिन में सुनसान और अधिक चढ़ावे वाले मंदिरों की रेकी करते थे तथा रात में सीसीटीवी कैमरों से बचते हुए वारदात को अंजाम देते थे। घटना के बाद आरोपी सीसीटीवी की डीवीआर भी अपने साथ ले जाते थे और मोबाइल फोन बंद रखते थे।

पुलिस टीम ने मुखबिर तंत्र एवं पारंपरिक पुलिसिंग के जरिए दो आरोपियों ज्ञानदास निवासी पलाना कला, उदयपुर एवं घनश्याम नायक निवासी निम्बाहेड़ा, चित्तौड़गढ़ को हिरासत में लेकर पूछताछ की। दोनों ने चोरी करना स्वीकार किया, जिसके बाद उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस ने उनके हिस्से में आए चोरी के जेवर एवं चांदी का छत्र बरामद कर जब्त किया है। मामले में अन्य आरोपियों एवं शेष चोरीशुदा माल की तलाश जारी है।

# जहाजपुर-कोटड़ी विधायक गोपीचंद मीणा आज करेंगे विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण व शिलान्यास

**भीलवाड़ा फोकस @ कोटड़ी।**

**राजेन्द्र बबलू पोखरना**

जहाजपुर-कोटड़ी विधानसभा क्षेत्र के विधायक एवं एस.टी. मोर्चा (भाजपा) प्रदेशाध्यक्ष गोपीचंद मीणा बुधवार को क्षेत्र में विभिन्न विकास कार्यों के लोकार्पण, उद्घाटन एवं शिलान्यास कार्यक्रमों में भाग लेंगे। इस दौरान सड़क निर्माण, स्वास्थ्य, शिक्षा तथा विद्युतीकरण से जुड़े कई कार्यों की सौगात क्षेत्रवासियों को दी जाएगी।

निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार प्रातः 9 बजे आसोप-बोरडा सड़क निर्माण कार्य का भूमिपूजन किया जाएगा। साथ ही राजकीय उप स्वास्थ्य केन्द्र, आसोप का उद्घाटन तथा राजकीय पशु चिकित्सालय, छापडेल का शिलान्यास भी किया जाएगा। इसके बाद प्रातः 11 बजे भगवानपुरा (कोठाज) में बायपास सड़क निर्माण कार्य का भूमिपूजन किया जाएगा।दोपहर 12 बजे भील बस्ती, आसावरी (कोठाज) में विद्युतीकरण कार्य का लोकार्पण होगा। वहीं दोपहर 1 बजे राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय, अमरपुरा में दो अतिरिक्त कक्षा-कक्षों का उद्घाटन तथा अमरपुरा से श्री गणेश घाट तक सड़क निर्माण कार्य का भूमिपूजन किया जाएगा। भाजपा पदाधिकारियो ने क्षेत्र के नागरिकों से कार्यक्रमों में अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर विकास कार्यों के शुभारंभ के साक्षी बनने एवं कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की है।

# गुरुणी के प्रति सच्ची श्रद्धा व समर्पण से ही जीवन को उत्तम बनाए:- मणीप्रभा

## तीन दिवसीय धार्मिक महोत्सव श्रद्धा और आराधना के साथ सम्पन्न

**भीलवाड़ा फोकस @ कोटड़ी।**

**राजेन्द्र बबलू पोखरना**

राजस्थान प्रवर्तनी, शासन प्रभाविका पूज्या गुरुणी श्री यश कवर जी मसा की 90वीं दीक्षा जयंती के उपलक्ष में आयोजित तीन दिवसीय धार्मिक महोत्सव मंगलवार को श्रद्धा, भक्ति एवं धर्म आराधना के साथ सम्पन्न हो गया। महोत्सव के दौरान पूरे वातावरण में धर्म प्रभावना, गुरु भक्ति और तप आराधना की सरिता बहती रही। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रावक-श्राविकाओं ने भाग लेकर धर्म लाभ अर्जित किया।





स्थानीय शीतल भवन में विराजित शीतल ज्योति परम पूज्या श्री मणीप्रभा जी मसा ने धर्मसभा को संबोधित करते हुए कहा कि वर्तमान समय में व्यक्ति को अपने जीवन में संयम, संस्कार और गुरु भक्ति को अपनाने की आवश्यकता है। गुरु के बताए मार्ग पर चलकर ही आत्मकल्याण संभव है। उन्होंने कहा कि धर्म केवल पूजा-अर्चना तक सीमित नहीं है, बल्कि व्यवहार में विनम्रता, सेवा और त्याग का समावेश ही सच्चा धर्म है। मणीप्रभा जी मसा ने कहा कि गुरुणी श्री यश कवर जी महाराज साहब का सम्पूर्ण जीवन तप, त्याग एवं साधना की प्रेरणा देता है। उनके जीवन आदर्शों को अपनाकर समाज में संस्कार और सद्भावना को बढ़ाया जा सकता है। उन्होंने श्रावक-श्राविकाओं से नियमित सामायिक, तप आराधना एवं धर्म ध्यान करने का आह्वान किया। कार्यक्रम के दौरान मधुर व्याख्यानी पूज्या श्री सुमन प्रभा जी मसा ने धर्म की महत्ता बताते हुए कहा कि जीवन में सच्चा सुख केवल आत्मशांति से प्राप्त होता है। वहीं तरुण तपस्वी पूज्या रुचिका श्री जी मसा ने युवाओं को धर्म एवं संस्कारों से जुड़ने का संदेश दिया। तीन दिवसीय कार्यक्रम के तहत पेसठिया छंद, धर्मसभा, यश चालीसा पाठ, गुणानुवाद सभा, सामूहिक एकासन एवं सामायिक दिवस सहित विभिन्न धार्मिक आयोजन हुए। अंतिम दिन आयोजित गुणानुवाद सभा में श्रद्धालुओं ने गुरुणी श्री यश कवर जी मसा के जीवन आदर्शों का स्मरण करते हुए गुरु भक्ति व्यक्त की। श्री वर्धमान स्थानकवासी जैन श्रावक संघ के अध्यक्ष निर्मल लोढ़ा एवं मंत्री प्रकाश पोखरना ने बताया कि तीनों दिनों तक आयोजित कार्यक्रमों में समाजजनों का उत्साह देखते ही बन रहा था। बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने एकासन तप, सामायिक एवं धर्म आराधना में भाग लेकर वातावरण को धर्ममय बना दिया। कार्यक्रम के समापन पर संघ की ओर से सभी सहयोगकर्ताओं एवं श्रद्धालुओं का आभार व्यक्त किया गया। इस दौरान संघ के अध्यक्ष निर्मल लोढा, पूर्व अध्यक्ष नवरतन मल पोखरना, संरक्षक सज्जन सिंह पोखरना, पूर्व प्रवक्ता शान्ति लाल पोखरना ने भी गुरुणी के प्रति श्रद्धा सुमन अर्पित किए। वही सुनीता, अनिता, चन्दा पोखरना ने गीतिका प्रस्तुत की। कार्यक्रम में तीसरे दिवस के आयोजक बलवन्त सिंघवी ने सभी का आभार जताया।

# महायज्ञ की भभूती हरिद्वार गंगा में विसर्जित



**भीलवाड़ा फोकस @ आकोला।**

**जसवंत पारीक**

कस्बे में 30 अप्रैल से 8 मई तक आयोजित 5 कुंडीय विष्णु महायज्ञ की भभूती मंगलवार को श्रद्धापूर्वक हरिद्वार स्थित गंगा नदी में विसर्जित की गई।

ग्रामीणों ने बताया कि श्रद्धालुओं का दल मंगलवार को हरिद्वार पहुंचा, जहां पंडित लखन शर्मा के सानिध्य में विधि-विधान से पूजा-अर्चना करवाई गई। इसके बाद यज्ञ की भभूती को गंगा नदी में प्रवाहित किया गया।

इस दौरान भगवान को भोग लगाकर प्रसाद वितरण भी किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में ग्रामीण एवं श्रद्धालु मौजूद रहे।

# नौगांवा में चतुर्भुज रूप में सजे सांवरिया सेठ

## शंख, चक्र, गदा और पद्म धारण कर भक्तों को दिए साक्षात भगवान विष्णु के रूप में दर्शन

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।**

नौगांवा सांवरिया सेठ मंदिर में इन दिनों अधिक मास (पुरुषोत्तम मास) के पावन अवसर पर भक्ति और दिव्यता का अनूठा संगम देखने को मिल रहा है। धार्मिक अनुष्ठानों के तहत ठाकुर जी का प्रतिदिन अलौकिक और नित-नूतन श्रृंगार किया जा रहा है। इसी कड़ी में मंगलवार को सांवरिया सेठ का भगवान विष्णु के चतुर्भुज स्वरूप में बेहद भव्य और मनमोहक श्रृंगार रचा गया, जिसके दर्शन पाकर भक्त भाव-विभोर हो उठे।अलसुबह मंगला आरती के बाद ठाकुर जी को साक्षात हरि विष्णु का रूप देते हुए उनकी चार भुजाएं सजाई गईं। भगवान के ऊपरी हाथों में दिव्य शंख और सुदर्शन चक्र का प्रतीक सुशोभित था, तो वहीं निचले हाथों में उन्होंने सोने की भव्य कौमोदकी गदा और अत्यंत सुंदर गुलाबी कमल का पुष्प धारण किया हुआ था। ठाकुर जी को विशेष रूप से चमकीले पीले रंग की धोती (पीतांबर) धारण कराई गई। साथ ही हरे व गुलाबी रंग के पटके पर की गई गोटा-पत्ती और जरी की नक्काशी भगवान की आभा को और बढ़ा रही थी। शीश पर सूर्य की किरणों जैसी चमक बिखेरता स्वर्ण मुकुट और उसके ऊपर लगा कलात्मक छत्र भक्तों के आकर्षण का केंद्र रहा। गले में वैजयंती माला और बाहों में बाजूबंद की कलात्मकता देखते ही बन रही थी। भगवान के विग्रह के पीछे सजाया गया आसमानी रंग का विशेष पर्दा और उसकी रंग-बिरंगी सुनहरी बॉर्डर गर्भगृह को क्षीर सागर जैसा रूप दे रही थी। ठाकुर जी के चरणों में गुलाब की पंखुड़ियों का कालीन बिछाया गया था, वहीं आसपास सजे नीले और गुलाबी कमल के फूलों ने पूरे माहौल को वैकुंठ धाम में बदल दिया। ट्रस्ट अध्यक्ष गोविंद प्रसाद सोडाणी ने बताया कि अधिक मास भगवान पुरुषोत्तम की भक्ति का सबसे उत्तम समय है। इस पूरे महीने ठाकुर जी रोजाना अलग-अलग स्वरूपों (जैसे कृष्ण लीला, राम अवतार, नरसिंह अवतार) में भक्तों को दर्शन देकर निहाल करेंगे। शाम को महाआरती के दौरान पूरा परिसर 'जय श्री सांवरिया सेठ' और 'हरे कृष्णा' के जयकारों से गुंजायमान रहा।



# 26 साल से जर्जर सड़क से त्रस्त ग्रामीणों ने जिला कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन, शीघ्र निर्माण की मांग



**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।**

ग्राम पंचायत उदलियास क्षेत्र के ग्रामीण पिछले करीब 26 वर्षों से बदहाल सड़क की समस्या से जूझ रहे हैं। सड़क पर जगह-जगह बड़े गड्ढे होने से आवागमन बेहद कठिन हो गया है। परेशान ग्रामीणों ने जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर सड़क का शीघ्र निर्माण करवाने की मांग की।

ग्रामीणों ने बताया कि हाथीभाटा चौराहा से उदलियास, चतरपुरा और कोदूकोटा तक जाने वाला मार्ग पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो चुका है। यह सड़क क्षेत्रवासियों के लिए भीलवाड़ा आने-जाने का प्रमुख रास्ता है। मजदूरी, शिक्षा और अन्य कार्यों के लिए प्रतिदिन बड़ी संख्या में लोग इसी मार्ग से आवागमन करते हैं, लेकिन सड़क पर गहरे गड्ढों के कारण वाहन चालकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। खासकर युवाओं की बाइकें आए दिन खराब हो रही हैं और दुर्घटना का खतरा भी बना रहता है। ग्रामीण प्रतिनिधियों विकास मूंदड़ा, मुरलीधर व्यास और एडवोकेट अरविंद सेन ने बताया कि इस समस्या को लेकर कई बार स्थानीय जनप्रतिनिधियों से शिकायत की जा चुकी है। विधायक गोपीचंद मीणा और प्रधान करण सिंह बेलवा को भी सड़क की स्थिति से अवगत कराया गया, लेकिन अब तक केवल आश्वासन ही मिला है।

# शास्त्रीनगर में महिला से चैन स्नैचिंग का खुलासा, हिस्ट्रीशीटर गिरफ्तार

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।**

कोतवाली थाना पुलिस ने शहर के शास्त्रीनगर क्षेत्र में महिला से सोने की चैन लूटने की वारदात का खुलासा करते हुए एक हिस्ट्रीशीटर बदमाश को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से लूटी गई सोने की चैन भी बरामद कर ली है।

पुलिस ने बताया की 3 अप्रैल 2026 को श्वेता जैन निवासी सांगानेर रोड ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि वह अपनी पुत्री के साथ स्कूटी से पीहर शास्त्रीनगर गई थी। रात करीब 8:15 बजे शास्त्रीनगर नाले और डेयरी के बीच पीछे से बिना नंबर की पल्सर बाइक पर आए दो युवकों ने उसके गले से करीब डेढ़ तोला वजनी सोने की चैन झपट ली और फरार हो गए।घटना की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने जांच शुरू की ।

जांच के दौरान पुलिस ने पूर्व में गिरफ्तार दीपक धाकड़ से घटना में प्रयुक्त बिना नंबर की पल्सर बाइक बरामद की। दीपक की सूचना पर पुलिस ने राजसमंद जिले के थाना कुवारिया क्षेत्र के हिस्ट्रीशीटर बदमाश रमेश चन्द्र गाडरी को न्यायालय के आदेश से जिला कारागृह भीलवाड़ा से गिरफ्तार किया।

पुलिस ने आरोपी के कब्जे से वारदात में छीनी गई सोने की चैन भी बरामद कर ली है। मामले में आगे की जांच जारी है।

# चम्बल पेयजल परियोजना से 20 मई शाम की जलापूर्ति रहेगी प्रभावित

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।**

चम्बल भीलवाड़ा पेयजल परियोजना से होने वाली पेयजल आपूर्ति 20 मई की शाम को प्रभावित रहेगी। विभाग ने आमजन से पूर्व में पानी का संग्रह करने की अपील की है। जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग परियोजना खंड-प्रथम के अधिशाषी अभियंता ने बताया कि एवीवीएनएल द्वारा 33 केवी भुंजरकला फीडर लाइन की पेट्रोलिंग के लिए 20 मई को सुबह 8 बजे से दोपहर 12 बजे तक शटडाउन लिया जाएगा। शटडाउन के कारण आरोली स्थित वाटर ट्रीटमेंट प्लांट (डब्ल्यूटीपी) पर जलापूर्ति बाधित रहेगी। इसके चलते भीलवाड़ा शहर सहित जिले के विभिन्न क्षेत्रों में 20 मई की शाम की पेयजल आपूर्ति प्रभावित रहेगी।

# 15 हजार के इनामी बदमाश को पुलिस ने दबोचा

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।**

सुभाषनगर थाना पुलिस ने 15 हजार रुपए के इनामी बदमाश को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। आरोपी लंबे समय से फरार चल रहा था। जिला पुलिस अधीक्षक धर्मेन्द्र सिंह द्वारा थाना सुभाषनगर के एक प्रकरण में फरार आरोपी मांगीलाल जाट निवासी आरजिया जाटों का खेड़ा, थाना मांडल पर 15 हजार रुपए का इनाम घोषित किया गया था। थाना प्रभारी कैलाश कुमार विश्नोई के नेतृत्व में गठित टीम ने लगातार प्रयास कर आरोपी को डिटेन कर गिरफ्तार किया।

पुलिस ने बताया की आरोपी के खिलाफ मारपीट, अवैध खनन, हत्या के प्रयास एवं अन्य गंभीर धाराओं में कई मामले दर्ज हैं। फिलहाल मामले में अनुसंधान जारी है।

# मानसिंहका टाइगर फोर्स के जिलाध्यक्ष नियुक्त

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा**

राष्ट्रीय भ्रष्टाचार निरोधक एवं अत्याचार विरोधी टाइगर संस्थान (टाइगर फोर्स) के भीलवाड़ा इकाई के अध्यक्ष पद पर प्रमुख समाजसेवी एवं पूर्व पार्षद, ट्रस्टी चेतन मानसिंहका को मनोनीत किया गया है। राष्ट्रीय भ्रष्टाचार निरोधक एवं अत्याचार विरोधी टाइगर संस्थान के राष्ट्रीय अध्यक्ष आर एल मीणा ने टाइगर फोर्स के राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य एवं पूर्व प्रदेश उपाध्यक्ष कल्पेश चौधरी की अनुशंसा पर यह नियुक्ति दी गई। मानसिंह का जिला यूनेस्को एसोसिएशन के अध्यक्ष पद पर रहते हुए कई सामाजिक सरोकार के कार्यक्रमों में भी सक्रिय भूमिका निभाते आए हैं।








QUICK BITES

## मांडलगढ़ राशन डीलर संघ की बैठक आयोजित, नई कार्यकारिणी का गठन

भीलवाड़ा फोकस @ बीगोद।



त्रिवेणी संगम पर मंगलवार को मांडलगढ़ राशन डीलर संघ की बैठक आयोजित की गई। बैठक में सर्वसम्मति से नई कार्यकारिणी का गठन किया गया, जिसमें विभिन्न पदों पर पदाधिकारियों की नियुक्ति की गई।


बैठक में सत्यनारायण जोजवा को अध्यक्ष चुना गया। वहीं लादूलाल वैष्णव (निलकी खेड़ी) एवं रमेशजी सिंधी (बरुंदनी) को संरक्षक बनाया गया। उपाध्यक्ष पद पर आरजू कंवर पत्नी कुलदीप सिंह खाचरोल एवं राकेश गर्ग थल कला को जिम्मेदारी सौंपी गई।

इसी प्रकार पियूष आगाल बिगोद को सचिव, मायावती धाकड़ सरथला को सह सचिव, अशोक सुखवाल राजगढ़ को कोषाध्यक्ष तथा राजू सुथार धामनिया को महामंत्री नियुक्त किया गया।

## डॉ. प्रियंका मेहता सचिव, प्रिया कोठारी कोषाध्यक्ष मनोनित

### लघु उद्योग भारती भीलवाड़ा महिला इकाई में नवीन दायित्वों की घोषणा

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।



लघु उद्योग भारती भीलवाड़ा महिला इकाई में वर्ष 2026-27 हेतु नवीन दायित्वों की घोषणा की गई। इकाई अध्यक्ष पल्लवी लढा ने बताया कि डॉ. प्रियंका मेहता को सचिव एवं प्रिया कोठारी को कोषाध्यक्ष का दायित्व सौंपा गया है। मनोनीत पदाधिकारियों ने महिला उद्यमिता को और अधिक सशक्त बनाने का संकल्प लिया गया। पदाधिकारियों ने कहा कि महिला उद्यमियों को आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनाना और उन्हें व्यवसाय के क्षेत्र में आगे बढ़ाने के लिए निरंतर प्रयास किए जाएंगे।

## बैरवा समाज छात्रावास निर्माण को लेकर समाज की बैठक सम्पन्न...

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।



बैरवा समाज विकास संस्थान शाहपुरा के तत्वावधान में मंगलवार को बैरवा समाज छात्रावास प्लॉट पर समाज के प्रबुद्धजनों की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित हुई। बैठक में छात्रावास निर्माण, समाज के विकास कार्यों तथा भविष्य की योजनाओं को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। बड़ी संख्या में समाज के वरिष्ठजन, पदाधिकारी एवं समाजबंधु उपस्थित रहे।

बैठक की शुरुआत समाजहित एवं छात्रावास निर्माण कार्यों की प्रगति समीक्षा से हुई। संस्थान के कोषाध्यक्ष रामदेव बैरवा ने छात्रावास की चारदीवारी निर्माण पर अब तक हुए आय-व्यय का विस्तृत ब्यौरा उपस्थित समाजबंधुओं के समक्ष रखा। सभी उपस्थित लोगों ने पारदर्शिता की सराहना करते हुए सर्वसम्मति से आय-व्यय का अनुमोदन किया। बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि छात्रावास भवन निर्माण कार्य को गति देने के लिए इच्छुक ठेकेदारों से 27 मई 2026 को प्रातः 10 बजे तक बंद लिफाफे में निविदाएं आमंत्रित की जाएंगी। निर्माण कार्य से संबंधित नियम एवं शर्तें संस्थान कार्यालय से कार्यालय समय में प्राप्त की जा सकेंगी। समाज के लोगों ने छात्रावास निर्माण को समाज के भविष्य और शिक्षा विकास से जुड़ा महत्वपूर्ण कदम बताया। बैठक के दौरान समाज के युवाओं को शिक्षा से जोड़ने, छात्रावास को आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित करने तथा समाज में एकजुटता बनाए रखने पर भी विचार-विमर्श किया गया। वक्ताओं ने कहा कि छात्रावास निर्माण पूर्ण होने से ग्रामीण क्षेत्र के जरूरतमंद विद्यार्थियों को बेहतर शैक्षणिक वातावरण मिल सकेगा। बैठक में गोपाल बैरवा (सरपंच मिण्डोलिया), देवीलाल, राजकुमार, जीवनराम, चांदमल, छोटूलाल शाहपुरा, रघुनाथ कासोरिया, जगन्नाथ, दुर्गालाल अमरगढ़, नन्दलाल झांतल, विष्णु डियास, ओनाई बैलिया, छोटू कनछन कला, मुकेश बटछेड़वा सहित समाज के अनेक गणमान्य लोग मौजूद रहे।

भीलवाड़ा फोकस
भीलवाड़ा की बात फोकस के साथ

एक सशक्त पत्रकारिक मंच से जुड़ने का सुनहरा अवसर?

"भीलवाड़ा फोकस" को अपने नेटवर्क के विस्तार हेतु योग्य एवं उत्साही संवाददाताओं की जहाजपुर | गुलाबपुरा | आसिंद | मांडल | गंगापुर | माण्डलगढ़ । बदनौर सहित भीलवाड़ा जिला मुख्यालय पर अनुभवी क्राइम रिपोर्टर की आवश्यकता है ।

क्या आपके पास है –

- समाचारों को पकड़ने की तेज़ नजर ?
- निष्पक्षता, निडरता और पत्रकारिता के प्रति समर्पण ?
- डिजिटल रिपोर्टिंग या प्रिंट मीडिया का अनुभव ?

तो फिर देर किस बात की? अभी जुड़िए - "भीलवाड़ा फोकस" परिवार के साथ।

संपर्क करें: मो. 8696795959 ईमेल: bhilwarafocus@gmail.com
वेब: www.bhilwarafocus.com

# सीता-राम विवाह प्रसंग सुन भाव-विभोर हुए श्रद्धालु, जय श्रीराम के जयकारों से गूंजा पांडाल

भीलवाड़ा फोकस @ काछोला।





बगीची के बालाजी गोल चबूतरे के पास आयोजित श्रीराम कथा में मंगलवार को भगवान श्रीराम और माता सीता के विवाह प्रसंग का भावपूर्ण वर्णन किया गया। कथा के दौरान जैसे ही माता सीता ने भगवान श्रीराम को वरमाला पहनाई, पूरा पांडाल 'जय श्रीराम' के जयकारों से गूंज उठा। राम-सीता विवाह की आकर्षक झांकी श्रद्धालुओं के आकर्षण का केंद्र रही।

कथा व्यास पंडित शिव लहरी गौतम ने धर्मसभा को संबोधित करते हुए कहा कि जीवन की सफलता और आत्मिक उद्धार के लिए मनुष्य को सदैव प्रभु स्मरण एवं सकारात्मक सोच के साथ आगे बढ़ना चाहिए। उन्होंने कहा कि संस्कृति और संस्कारों के बिना मानव जीवन अधूरा है तथा श्रीराम कथा आदर्श जीवन जीने की प्रेरणा देती है।

कथा के दौरान राजा जनक के दरबार में आयोजित सीता स्वयंवर एवं भगवान श्रीराम द्वारा शिव धनुष भंग करने का प्रसंग सुनाया गया। श्रद्धालु कथा सुनकर भाव-विभोर हो उठे। विवाह समारोह के दौरान देवताओं द्वारा पुष्पवर्षा के मनोहारी वर्णन ने वातावरण को भक्तिमय बना दिया। कार्यक्रम में अतिथियों का स्वागत श्रीराम मंत्री, गोपाल एवं बजरंग द्वारा श्रीफल भेंट कर किया गया। इस अवसर पर सतीश कास्ट, शिवप्रकाश सोमानी, मूलचंद लड़ा, संदीप सोनी, दुर्गालाल सोडाणी, कैलाश मुंद्रड़ा, सत्यनारायण काबरा सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन भगवान शंकर शर्मा ने किया।

# गुरु के बिना जीवन में आध्यात्मिक उन्नति संभव नहीं - महामंडलेश्वर स्वामी जगदीश दास

### रामकथा मनुष्य को मर्यादित जीवन जीने और सेवा-त्याग का संदेश देती है

भीलवाड़ा फोकस @भीलवाड़ा ।





श्री हरि शेवा उदासीन आश्रम सनातन मंदिर परिसर में चल रहे पुरुषोत्तम माह महोत्सव के अंतर्गत नौ दिवसीय श्रीराम कथा के तीसरे दिन हरिद्वार स्थित हरिहर भागवत धाम के परमाध्यक्ष परम पूज्य महामंडलेश्वर स्वामी जगदीश दास उदासीन ने शिव-सती विवाह, गुरु महिमा एवं भगवान श्रीराम के अवतार प्रसंग का भावपूर्ण वर्णन किया। कथा श्रवण के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

व्यासपीठ से कथा वाचन करते हुए महामंडलेश्वर जगदीश दास जी महाराज ने कहा कि शिव और सती का मिलन सृष्टि के संतुलन का प्रतीक है। उन्होंने बताया कि जब माता पार्वती और भगवान शिव के विवाह का प्रसंग आया तब राजा हिमाचल इस विवाह के लिए सहज रूप से तैयार नहीं हुए। उस समय देवर्षि नारद ने उन्हें समझाया कि यह विवाह संपूर्ण जगत के कल्याण के लिए अत्यंत उपयुक्त एवं दिव्य है। महामंडलेश्वर जगदीश दास जी ने कथा के दौरान गुरु की महिमा का वर्णन करते हुए कहा कि गुरु ही मनुष्य की सभी भ्रांतियों को दूर कर उसे सत्य मार्ग का ज्ञान कराता है। गुरु के बिना जीवन में आध्यात्मिक उन्नति संभव नहीं है। भगवान श्रीराम के अवतार प्रसंग पर प्रकाश डालते हुए स्वामी जी ने नारद जी के श्राप, जय-विजय तथा जालंधर आदि प्रसंगों का वर्णन किया और कहा कि परमात्मा समय-समय पर धर्म की स्थापना के लिए अवतार लेते हैं। उन्होंने श्रीमद्भगवद्गीता का उल्लेख करते हुए कहा कि भगवान श्रीकृष्ण ने स्वयं कहा है कि 'जब-जब धर्म की हानि होती है और अधर्म बढ़ता है तब-तब मैं विभिन्न रूपों में अवतरित होता हूं। ' महाराज श्री ने कहा कि परमात्मा संत, भक्त, महापुरुष अथवा स्वयं भगवान के रूप में प्रकट होकर धर्म की स्थापना और अधर्म का विनाश करते हैं। कथा के दौरान ' सिर पर सीता राम फिक्र फिर क्या करना, तेरे बिगड़े बनेंगे काम फिर क्या करना। क्या करना..भाई..क्या करना ' भजन पर श्रद्धालु भक्ति रस में सराबोर होकर जय श्रीराम के उद्घोष करते रहे।

महामंडलेश्वर स्वामी जगदीश दास उदासीन ने कहा कि श्रीराम कथा मनुष्य को मर्यादित जीवन जीने, सेवा और त्याग का संदेश देती है। भगवान श्रीराम का जीवन मर्यादा, त्याग, सेवा और आदर्शों की अनुपम प्रेरणा है। उन्होंने कहा कि राम कथा केवल धार्मिक आयोजन नहीं, बल्कि जीवन को सही दिशा देने वाली आध्यात्मिक साधना है।

महामंडलेश्वर ने भगवान श्रीराम के आदर्श चरित्र, धर्म पालन एवं लोक कल्याणकारी स्वरूप का भावपूर्ण वर्णन किया। श्रीराम के जीवन प्रसंगों की व्याख्या करते हुए बताया कि किस तरह विपरीत परिस्थितियों में भी धर्म के मार्ग पर अडिग रहा जाता है। कथा के इन मार्मिक प्रसंगों को सुन श्रद्धालु भावविभोर हो उठे और पूरा पांडाल 'जय श्रीराम' के जयघोष से गूंज उठा। कथा के दौरान सुमधुर भजन-कीर्तन एवं संकीर्तन ने वातावरण को और अधिक दिव्य और भक्तिमय बना दिया। आरती के बाद श्रद्धालुओं में प्रसाद वितरण के साथ तीसरे दिन के सत्र का समापन हुआ। आज सवेरे हुए विष्णु यज्ञ में चंद्रप्रकाश सिसोदिया एवं भागीरथ चौहान ने जोड़े सहित आहुतियां दी और महादेव का रुद्राभिषेक किया। हरि शेवा उदासीन आश्रम सनातन मंदिर परिसर में महामंडलेश्वर हंसराम जी उदासीन के सानिध्य में प्रतिदिन सवेरे 7 बजे से यज्ञाचार्य पंडित रोशन शास्त्री के वैदिक मंत्रोंचार के साथ विष्णुयज्ञ का आयोजन चल रहा है तत्पश्चात उपाचार्य पंडित सत्यनारायण शर्मा के मुखारविंद से वैदिक मंत्रोच्चार से सिद्धेश्वर महादेव का रुद्राभिषेक , तथा सायं काल काशी की तर्ज पर गंगा आरती एवं 24 घंटे हरिनाम संकीर्तन का आयोजन प्रतिदिन हो रहा है।

# सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने के लिए सबसे महत्वपूर्ण है जागरूकता: राकेश जागेटिया

### बाक्सिंग के साथ बच्चों ने सीखे सड़क सुरक्षा के गुरु मंत्र, सड़क सुरक्षा जीवन रक्षा क्विज कान्टेस्ट आयोजित

भीलवाड़ा फोकस @भीलवाड़ा ।



बच्चों को खेल के साथ-साथ सामाजिक जिम्मेदारियों के प्रति जागरूक बनाने के उद्देश्य से आयोजित विशेष कार्यक्रम में बॉक्सिंग प्रशिक्षण के साथ सड़क सुरक्षा के महत्वपूर्ण गुरुमंत्र सिखाए गए। अन्तर्राष्ट्रीय माहेश्वरी कपल क्लब भीलवाड़ा द्वारा पूरे वर्ष पर्यन्त सड़क सुरक्षा पर जन जागृति हेतु विभिन्न तरह के कार्यक्रम निरन्तर आयोजित किये जा रहे हैं। इसी क्रम में संगीत कला केन्द्र प्रांगण में आरवी बाक्सिंग एकेडमी भीलवाड़ा के बाक्सर खिलाड़ीयों के साथ स्वर्गीय मृणाल राठी स्मृति सड़क सुरक्षा जीवन रक्षा क्विज कान्टेस्ट आयोजित किया गया। कार्यक्रम संयोजक डॉ भागचन्द सोमानी ने बताया कि संगीत कला केन्द्र के सचिव महेश जोशी की अध्यक्षता, क्लब के राष्ट्रीय महासचिव डॉ अशोक सोडाणी, राजस्थान प्रदेश अध्यक्ष सुरेश सोनी व पूर्व जिलाध्यक्ष राकेश जागेटिया के मुख्य आतिथ्य तथा जिला पदाधिकारी जगदीश मून्दड़ा, रामचन्द्र मून्दड़ा के विशिष्ट आतिथ्य में आयोजित इस क्विज कान्टेस्ट का मुख्य उद्देश्य है बच्चों में सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूकता पैदा करना, उन्हें समझाना है। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए पूर्व जिलाध्यक्ष राकेश जागेटिया ने कहा कि सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने के लिए जागरूकता सबसे महत्वपूर्ण है। सड़क सुरक्षा केवल नियमों तक सीमित नहीं है, बल्कि यह प्रत्येक नागरिक की जिम्मेदारी भी है। यदि प्रत्येक नागरिक यातायात नियमों का पालन करे और वाहन चलाते समय सतर्कता बरते, तो अनेक दुर्घटनाओं को रोका जा सकता है। आरवी बाक्सिंग एकेडमी भीलवाड़ा के प्रशिक्षक कोच राजेश कोली एवं सह प्रशिक्षक क्षितिज कोली के निर्देशन में बाक्सिंग सीख रहे बच्चों ने बाक्सिंग के साथ साथ सड़क सुरक्षा के गुरु मंत्र भी सीखें। सभी अतिथियों ने बच्चों को शपथ दिलाई की वे स्वयं और परिवार वालों को सड़क पर वाहन चलाते समय हमेशा ही जागरूक रखेंगे और कभी भी तेज गति से वाहन नहीं चलाएंगे क्यों कि 80 प्रतिशत सड़क दुघर्टनाएं तेज गति की वजह से होती है।

सोमानी ने बताया कि स्वर्गीय मृणाल राठी स्मृति सड़क सुरक्षा जीवन रक्षा क्विज कान्टेस्ट में तन्मय पारीक, युवराज सिंह चौहान, विराट पारीक, कृतिका जायसवाल, नव्या सालवी, चेतन माली, भावना गांछा, विया सैनी, पार्थ वसीटा, समर प्रताप खटीक, कनिका वर्मा, साक्षी कोली एवं रणजीत माली ने पूछे गए प्रश्नों का सही जवाब दिया और उन्हें सड़क सुरक्षा ज्ञान दीप सम्मान - प्रशंसा पत्र भेंट किया। कार्यक्रम में क्लब द्वारा संगीत कला केन्द्र सचिव महेश जोशी एवं प्रशिक्षक राजेश कोली का भी सम्मान किया गया।

# प्लास्टिक मुक्त होगा भाजपा का दो दिवसीय प्रशिक्षण शिविर, पर्यावरण संरक्षण पर रहेगा विशेष फोकस

## महापुरुषों के नाम पर होंगे आवासीय कक्ष, फोटो प्रदर्शनी में दिखेगी भाजपा की विकास यात्रा

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा**



**(पुनित चपलोत)** भारतीय जनता पार्टी द्वारा आयोजित जिला स्तरीय दो दिवसीय प्रशिक्षण शिविर को इस बार पर्यावरण संरक्षण एवं स्वदेशी थीम के साथ आयोजित किया जाएगा। जिला कार्यालय में जिलाध्यक्ष प्रशांत मेवाड़ा की अध्यक्षता में आयोजित संचालन समिति की बैठक में शिविर को पूर्ण रूप से प्लास्टिक मुक्त रखने का निर्णय लिया गया।पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान 2026 के तहत 23 और 24 मई को जहाजपुर (यज्ञपुर) स्थित स्वस्तिधाम मांगलिक भवन में जिला स्तरीय आवासीय प्रशिक्षण शिविर आयोजित होगा।

**15 सदस्यीय संचालन समिति का गठन**

जिला प्रवक्ता अंकुर बोरदिया ने बताया कि शिविर संचालन के लिए 15 सदस्यीय समिति का गठन किया गया है। इसमें जिला प्रभारी संजय जैन, सह प्रभारी मिठूलाल जाट, वर्ग प्रभारी पुखराज पहाड़िया, वर्ग प्रमुख सुभाष बहेड़िया, जिला संयोजक अविनाश जीनगर सहित कई पदाधिकारियों को जिम्मेदारी सौंपी गई है। इसके अलावा विभिन्न व्यवस्थाओं के लिए सात क्लस्टर प्रभारी एवं 45 सदस्यीय प्रबंधन समिति भी गठित की गई है।

**फोटो प्रदर्शनी बनेगी आकर्षण का केंद्र**

शिविर में फोटो प्रदर्शनी के माध्यम से भाजपा की विकास यात्रा, सातों विधानसभा क्षेत्रों के प्रमुख विकास कार्यों तथा 39 मंडलों की विशेष गतिविधियों को प्रदर्शित किया जाएगा। केंद्र एवं राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की झलक भी प्रदर्शनी में देखने को मिलेगी।

**स्वदेशी और पर्यावरण अनुरूप सामग्री का उपयोग**

जिलाध्यक्ष प्रशांत मेवाड़ा ने बताया कि शिविर में सभी आवासीय कक्षों और हॉल का नामकरण महापुरुषों एवं पार्टी के दिवंगत वरिष्ठ नेताओं के नाम पर किया जाएगा। साथ ही जूट से बने फोल्डर, कुल्हड़ में पेय पदार्थ वितरण, स्टील के बर्तनों का उपयोग एवं प्लास्टिक मुक्त व्यवस्थाएं शिविर की विशेषता रहेंगी।

**रंगोली और भाजपा ध्वजों से सजेगा प्रशिक्षण स्थल**

प्रशिक्षण स्थल को आकर्षक रंगोली, भाजपा ध्वजों, बैनर एवं छायाचित्रों से सजाया जाएगा। जिला भाजपा ने शिविर को ऐतिहासिक एवं प्रदेश स्तर पर उदाहरणीय बनाने के लिए व्यापक तैयारियां शुरू कर दी हैं।

# जनजाति गरिमा उत्सव के तहत स्वास्थ्य शिविरों में ग्रामीणों को मिली स्वास्थ्य सेवाएं

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा**



जिला कलेक्टर जसमीत सिंह संधू एवं जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी चन्द्रभान सिंह भाटी के निर्देशन में जनजातीय कार्य मंत्रालय, भारत सरकार के निर्देशानुसार जिले में 10 मई से 9 जून 2026 तक जनजाति गरिमा उत्सव का आयोजन किया जा रहा है।

उत्सव के अंतर्गत 18 मई से 25 मई तक 'जन भागीदारी-सबसे दूर, सबसे पहले' अभियान के तहत संचालित प्रधानमंत्री धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान के अंतर्गत जिले में विशेष स्वास्थ्य शिविर आयोजित किए गए। इन शिविरों में ग्रामीणों को विभिन्न स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ प्रदान किया गया। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. संजीव कुमार शर्मा ने बताया कि जिले के दूरस्थ एवं जनजातीय क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं की पहुंच सुनिश्चित करने के उद्देश्य से 140 चिन्हित ग्रामों में शिविर लगाए गए। शिविरों में गैर संचारी रोगों (एनसीडी) की स्क्रीनिंग कर ब्लड प्रेशर, शुगर तथा मौसमी बीमारियों सहित अन्य रोगों की जांच की गई।गर्भवती महिलाओं के एएनसी जांच कर आवश्यक परामर्श एवं स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध करवाई गईं। पात्र लाभार्थियों को मुख्यमंत्री आयुष्मान आरोग्य योजना के तहत आयुष्मान कार्ड वितरित किए गए, ताकि उन्हें निशुल्क उपचार सुविधा का लाभ मिल सके।

अभियान के दौरान शक्ति दिवस पर बच्चों को आयरन सिरप एवं आयरन की गोलियां वितरित कर एनीमिया से बचाव के प्रति जागरूक किया गया। साथ ही टीबी स्क्रीनिंग कर संभावित रोगियों की पहचान की गई तथा निश्चय पोर्टल पर उनकी आईडी बनाकर आवश्यक फॉलोअप सुनिश्चित किया गया। आमजन को टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत शपथ भी दिलाई गई। स्वास्थ्य विभाग की टीम ने ग्रामीणों को नियमित स्वास्थ्य जांच, पोषण, स्वच्छता, मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य तथा गंभीर बीमारियों की समय पर पहचान एवं उपचार के महत्व की जानकारी दी। शिविरों में बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने भाग लेकर स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ उठाया।

# व्यक्तिगत स्वच्छता एवं माहवारी प्रबंधन पर जागरूकता कार्यशाला आयोजित

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा**



कांवाखेड़ा में बाल व महिला चेतना समिति द्वारा एसोसिएशन फॉर इंडियाज डेवलपमेंट तथा डायरेक्ट एक्शन फॉर वूमेन नाउ के सहयोग से किशोरियों एवं महिलाओं के लिए व्यक्तिगत स्वच्छता एवं माहवारी प्रबंधन विषय पर जागरूकता कार्यशाला का आयोजन किया गया।

कार्यशाला का उद्देश्य महिलाओं एवं किशोरियों को माहवारी से जुड़ी सही जानकारी प्रदान करना तथा समाज में फैली भ्रांतियों और झिझक को दूर करना रहा। कार्यक्रम में संस्था अध्यक्ष तारा अहलूवालिया ने माहवारी चक्र प्रबंधन, व्यक्तिगत स्वच्छता, पोषण तथा माहवारी के दौरान बरती जाने वाली सावधानियों की विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने कहा कि माहवारी एक प्राकृतिक प्रक्रिया है और इससे जुड़ी गलत धारणाओं को समाप्त करना आवश्यक है। उन्होंने किशोरियों को स्वच्छता अपनाने एवं स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहने के लिए प्रेरित किया।

कार्यशाला के दौरान महिलाओं एवं किशोरियों ने खुलकर अपने अनुभव और समस्याएं साझा कीं।

इस अवसर पर संस्था की कार्यकर्ता रिंकू कंवर, आहुति, प्रीति एवं भावना उपस्थित रहीं। वहीं कम्युनिटी लीडर परवीन बानू ने कार्यक्रम के सफल आयोजन में सहयोग प्रदान किया।

# जनजाति गरिमा उत्सव के तहत भीलवाड़ा के 141 आदिवासी गांवों में जन भागीदारी अभियान शुरू

## 'सबसे दूर, सबसे पहले' थीम पर 25 मई तक लगेंगे लाभार्थी सैचुरेशन कैंप

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।**

भारत सरकार के जनजाति कार्य मंत्रालय एवं राज्य सरकार के निर्देशानुसार जिले में 'जनजाति गरिमा उत्सव' के तहत 25 मई तक 'जन भागीदारी-सबसे दूर, सबसे पहले' अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के अंतर्गत जिले के 141 आदिवासी गांवों में विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं से संबंधित शिविर आयोजित किए जा रहे हैं।

जिला कलेक्टर जसमीत सिंह संधू द्वारा जारी आदेश के अनुसार धरती आबा जनजाति ग्राम उत्कर्ष अभियान में शामिल गांवों के आदि सेवा केंद्रों पर लाभार्थी सैचुरेशन कैंप लगाए जाएंगे। इन शिविरों में पात्र लोगों को योजनाओं का लाभ उपलब्ध कराने के साथ स्वास्थ्य जांच एवं जागरूकता गतिविधियां भी आयोजित की जाएंगी।

**अभियान के लिए तीन स्तरीय नोडल अधिकारी नियुक्त**

अभियान के सफल संचालन के लिए जिला, ब्लॉक एवं ग्राम स्तर पर नोडल अधिकारियों की नियुक्ति की गई है। जिला नोडल अधिकारी के रूप में रामलाल भील को जिम्मेदारी सौंपी गई है। वहीं सभी विकास अधिकारियों को ब्लॉक नोडल अधिकारी तथा ग्राम विकास अधिकारी एवं आदि सेवा केंद्र प्रभारियों को ग्राम नोडल अधिकारी बनाया गया है।

**स्वास्थ्य शिविर से लेकर जनसुनवाई तक होंगे आयोजन**

अभियान के तहत 19 से 25 मई तक संतृप्तिकरण एवं स्वास्थ्य शिविर आयोजित किए जाएंगे। 20 मई को ग्राम भ्रमण एवं जनजागरूकता गतिविधियां होंगी, जबकि 21 से 23 मई तक जनसुनवाई एवं शिकायत निवारण कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। 24 मई को दस्तावेजीकरण एवं प्रगति रिपोर्ट तैयार की जाएगी तथा 25 मई को अभियान का समापन कार्यक्रम होगा।

# शेरपुरा में धरती आबा जनभागीदारी शिविर आयोजित, योजनाओं का लाभ लेने उमड़े ग्रामीण

**भीलवाड़ा फोकस @ शक्करगढ़।**



ग्राम पंचायत बाकरा के राजस्व गांव शेरपुरा में मंगलवार को धरती आबा जनभागीदारी शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने भाग लेकर विभिन्न सरकारी योजनाओं की जानकारी प्राप्त की तथा अपनी समस्याओं का समाधान करवाया। शिविर के दौरान प्रशासनिक एवं विभागीय अधिकारियों ने मौके पर ही कई मामलों का निस्तारण कर आमजन को राहत प्रदान की।

उप प्रशासक सत्यनारायण शर्मा ने ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि राज्य सरकार की मंशा है कि गांव के अंतिम व्यक्ति तक सरकारी योजनाओं का लाभ पारदर्शिता के साथ पहुंचे। उन्होंने कहा कि ऐसे शिविर प्रशासन और ग्रामीणों के बीच सीधा संवाद स्थापित करने का प्रभावी माध्यम हैं, जिससे समस्याओं का त्वरित समाधान संभव हो रहा है। शिविर में प्रशासक निशा वीरेंद्र मीना, ग्राम विकास अधिकारी नरेंद्र कुमार मीणा, पूर्व सरपंच राकेश खटीक, पशुधन निरीक्षक रामराज मीणा, तकनीकी सहायक दिलराज मीणा, कनिष्ठ लिपिक कांता मीणा, सीएचओ अनीता गुर्जर, एएनएम निर्मला मीणा, कृषि प्रवेक्षक मस्तराम मीणा सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे।

शिविर के दौरान राजस्व, पंचायत, चिकित्सा, पशुपालन, कृषि एवं सामाजिक सुरक्षा योजनाओं से जुड़े कार्य किए गए। ग्रामीणों ने पेंशन, जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र, मनरेगा, स्वास्थ्य जांच एवं पशु चिकित्सा सहित विभिन्न योजनाओं से संबंधित आवेदन प्रस्तुत किए, जिनका अधिकारियों द्वारा मौके पर निस्तारण किया गया।

## QUICK BITES

### सांसद दामोदर अग्रवाल संयुक्त समिति के सदस्य पद पर पुनः नामित

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।**



लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला द्वारा भीलवाड़ा सांसद दामोदर अग्रवाल को संसद सदस्यों के वेतन, भत्तों एवं सुविधाओं संबंधी संयुक्त समिति का पुनः सदस्य नामित किया गया है।

सांसद प्रवक्ता विनोद झुरानी ने बताया कि सांसद अग्रवाल को उनके कार्यकाल में दूसरी बार इस महत्वपूर्ण समिति में सदस्य के रूप में जिम्मेदारी सौंपी गई है।

अग्रवाल के पुनः सदस्य बनाए जाने पर भीलवाड़ा क्षेत्र में खुशी का माहौल देखा गया। भाजपा कार्यकर्ताओं एवं समर्थकों ने उन्हें बधाई देते हुए इसे जिले के लिए गौरव का विषय बताया।

### आंगनबाड़ी केंद्र में साइबर अपराध एवं बाल विवाह रोकथाम पर दी कानूनी जानकारी

**भीलवाड़ा फोकस @ बिजोलिया।**



राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जयपुर एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण भीलवाड़ा के निर्देशानुसार मंगलवार को इंदिरा कॉलोनी स्थित आंगनबाड़ी केंद्र नंबर-1 में 'ट्रांसफॉर्मेटिव ट्यूजडे प्लान' के तहत जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया।

कार्यक्रम में साइबर अपराध, घरेलू हिंसा, बाल विवाह रोकथाम, बाल विवाह के दुष्परिणाम एवं संबंधित कानूनी प्रावधानों की जानकारी दी गई। इस दौरान एडवोकेट सुनील जोशी, एडवोकेट दीपक मीणा, पीएलवी रामबाबू माथुर एवं पीएलवी सुनीता नायक ने उपस्थित महिलाओं और विद्यार्थियों को कानूनी अधिकारों एवं सुरक्षा उपायों के बारे में जागरूक किया।

कार्यक्रम में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सपना चौधरी, पिंकी सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे। इस दौरान करीब 40 छात्राएं एवं महिलाएं उपस्थित रहीं।

### मेवाड़ा समाज की आमसभा 26 मई को जोगणियां माता धाम में

**भीलवाड़ा फोकस @ मांडलगढ़।**

क्षत्रिय मेवाड़ा (कलाल) समाज आम चौखला-मेवाड़, खेराड़, आँतरी एवं ऊपरमाल क्षेत्र की आमसभा 26 मई को जोगणियां माताजी धाम में आयोजित होगी। कार्यक्रम मेवाड़ा समाज द्वारा निर्मित धर्मशाला की चतुर्थ वर्षगांठ के अवसर पर समाज अध्यक्ष कन्हैयालाल मेवाड़ा की अध्यक्षता में आयोजित किया जाएगा।

समाज सचिव कमलेश मेवाड़ा धामंचा ने बताया कि आमसभा में समाज के बंधु एवं मातृशक्ति बड़ी संख्या में भाग लेंगे। कार्यक्रम की शुरुआत भगवान सहस्त्रबाहु की प्रतिमा पर दीप प्रज्वलन एवं प्रार्थना के साथ होगी। इसके बाद समाज के वरिष्ठजनों का स्वागत एवं सम्मान किया जाएगा।

सभा में समाज की आय-व्यय रिपोर्ट प्रस्तुत की जाएगी तथा सामाजिक कुरीतियों में सुधार, आर्थिक, सामाजिक एवं शैक्षणिक विकास, सामूहिक विवाह सम्मेलन सहित विभिन्न विषयों पर चर्चा की जाएगी। अध्यक्ष की अनुमति से अन्य प्रस्तावों पर भी विचार-विमर्श होगा।

आमसभा के उपरांत समाजजनों के लिए प्रसादी की व्यवस्था रखी गई है। कार्यक्रम में समाज के विभिन्न क्षेत्रों से पदाधिकारी, महिला कार्यकारिणी सदस्य एवं गणमान्य लोग भाग लेकर समाज सुधार एवं संगठन को मजबूत बनाने पर अपने विचार रखेंगे।

### नवनियुक्त उपखंड अधिकारी विवेक गुर्जर का किया स्वागत

**भीलवाड़ा फोकस @ गंगापुर।**



उपखंड अधिकारी के पद पर कार्यभार ग्रहण करने पर नवनियुक्त प्रशासनिक अधिकारी विवेक गुर्जर का मंगलवार को अल्पसंख्यक मोर्चा पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं द्वारा स्वागत एवं अभिनंदन किया गया।

कार्यक्रम में अल्पसंख्यक मोर्चा सहसंयोजक अकरम सिंधी के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने उपखंड कार्यालय पहुंचकर विवेक गुर्जर को साफा एवं माला पहनाकर शुभकामनाएं दीं।

इस दौरान अकरम सिंधी ने क्षेत्र की विभिन्न जनसमस्याओं एवं आवश्यक कार्यों से उपखंड अधिकारी को अवगत कराया।

कार्यक्रम में लकी अग्रवाल, गोविंद सोनी, चिन्मय माली सहित कई कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### जनगणना मकान सूचीकरण अभियान तेज, घर-घर पहुंच रही सर्वे टीमें

**भीलवाड़ा फोकस @ बनेड़ा।**



**परमेश्वर**

आगामी जनगणना 2027 की तैयारियों के तहत नगरपालिका क्षेत्र में मकान सूचीकरण अभियान जोर-शोर से संचालित किया जा रहा है। नगर के सभी 20 वार्डों में नियुक्त प्रगणक एवं पर्यवेक्षक घर-घर पहुंचकर मकानों और परिवारों से संबंधित आवश्यक जानकारी एकत्र कर रहे हैं। शिक्षक कमल कुमार ने बताया कि अभियान के तहत कार्मिक प्रत्येक घर पर पहुंचकर मकान की स्थिति, उपयोग, परिवार के सदस्यों की संख्या सहित अन्य आवश्यक सूचनाएं दर्ज कर रहे हैं। जानकारी के आधार पर मकानों एवं परिवारों का सूचीकरण किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि अमृता खोईवाल सहित अन्य कार्मिकों को एक माह के भीतर सूचीकरण कार्य पूरा करने का लक्ष्य दिया गया है। नगरपालिका क्षेत्र के सभी वार्डों में सर्वे कार्य निर्धारित योजना के अनुसार लगातार जारी है। सर्वे दल सुबह से शाम तक नागरिकों से जानकारी एकत्र कर रहे हैं, वहीं अधिकारियों द्वारा अभियान की नियमित निगरानी भी की जा रही है। प्रशासन का मानना है कि यह सूचीकरण कार्य आगामी जनगणना की सफलता की महत्वपूर्ण आधारशिला साबित होगा।

स्वत्वाधिकारी एवं प्रकाशक कपिल विजयवर्गीय के लिए मुद्रक वेदान्त प्रभाकर मेधा कप्यूटर्स एण्ड ऑफसेट प्रिन्टर्स नंदभवन, बड़े पार्क के पास, कांवाखेड़ा भीलवाड़ा (राज.)से मुद्रित व मकान न. - 1 ए - धानमंडी योजना, कोर्ट केसामने बिजौलिया , भीलवाड़ा (राज.) से प्रकाशित। संपादक - श्याम सुन्दर विजयवर्गीय I मो. 8696795959, RNI No. : RJHIN/25/A0890 किसी भी प्रकार के वाद विवाद का न्याय क्षेत्र बिजौलिया जिला - भीलवाड़ा ही रहेगा।